BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी 29 मई से 4 जून तक, एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक मनाएगी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (17 मई, 2022) – सिटी की एक्सेसिबिलिटी टीम के साथ मिलकर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की रेक्रिएशन डिवीजन, नैशनल एक्सेसिबिलिटी वीक (National Accessibility Week) के दौरान, 29 मई से 4 जून तक ब्रैम्पटन में एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक (Accessible Sports Week) की मेजबानी करेगी।

ब्रैम्पटन में एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक के दौरान, कई प्रकार की ग्रहण की गई स्पोर्ट्स और सिटी की फैसिलिटीज, प्रोग्राम और सेवाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। सिटी, पूरा वर्ष हिस्सा लेने में आने वाली रुकावटों को दूर करने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि सभी निवासियों की, व्यापक रेंज में स्पोर्ट और फिटनेस प्रोग्रामिंग सहित, रेक्रिएशन सेवाओं तक पहुंच है।

कार्यक्रमों में शामिल हैं, पूरा सप्ताह आजमाने वाली भिन्न स्पोर्ट्स, जैसे व्हीलचेयर बास्केटबॉल, सिटिंग वॉलीबॉल, स्लेज हॉकी आदि। एक्सेसिबिलिटी फेयर (Accessibility Fair) और मल्टी-स्पोर्ट शोकेस (Multi-Sport Showcase) का आयोजन, शनिवार, 4 जून को सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर (Save Max Sports Centre) में, दोपहर बाद 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। सभी कार्यक्रम मुफ्त और ड्रॉप-इन (बिना बुक किए) प्रोग्राम हैं।

नैशनल एक्सेसिबिलिटी वीक के जशन के अवसर पर, शुक्रवार, 3 जून को लोफर्स लेक रेक्रिएशन सेंटर (Loafer's Lake Recreation Centre) में, शाम 6:30 बजे से रात 10:30 बजे तक, इनक्लूजन डिनर और डांस होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी है।

एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक के कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां क्लिक करें (Click here to learn more about Accessible Sports Week events)।

**सिटी के मल्टी-यीअर एक्सेसिबिलिटी प्लान के बारे में अपना फीडबैक प्रदान करें**

2022 से 2026 तक के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का मल्टी-यीअर एक्सेसिबिलिटी प्लान (एम.ए.पी.) (Multi-Year Accessibility Plan) (MAP), सुलभता संबंधी रुकावटों को कम करना, रोकना और दूर करना जारी रखने के लिए और हमारे प्रोग्रामों, सेवाओं और फैसिलिटीज के लिए सुलभता को बढ़ाने के लिए, सिटी का प्लान है।

एम.ए.पी. (MAP), उन कार्रवाईयों का सार है, जो हम कारोबारों को शामिल करने, हमारी नींव को मजबूत बनाने और सांस्कृतिक बदलाव में वृद्धि करने के लिए कर रहे हैं, जिससे ब्रैम्पटन के सभी नागरिक, रोज़ाना की गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे, जिनमें शामिल हैं, काम करना; पब्लिक ट्रांज़िट लेना; ऑनलाइन सेवाओं का प्रयोग करना; खेलों संबंधी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होना; और रेक्रिएशन फैसिलिटीज, पार्कों और अन्य पब्लिक जगहों का आनंद लेना।

इस समय सिटी, ड्राफ्ट एम.ए.पी. के बारे में फीडबैक मांग रही है। [एक संक्षिप्त सर्वेक्षण में अपने विचार साझे करने के लिए यहां क्लिक करें (Click here to share your thoughts in a brief survey)।]

**हवाले**

"मैं हर किसी को सलाह देता हूं कि, 29 मई से 4 जून तक ब्रैम्पटन में, नैशनल एक्सेसिबिलिटी वीक और एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक मनाने में हमसे जुड़ें। ब्रैम्पटन एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर है, जहां सभी निवासियों की, उनकी तंदरुस्ती के लिए मौजूद रेक्रिएशन सेवाओं तक पहुंच है।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का, 2022 से 2026 तक के लिए, मल्टी-यीअर एक्सेसिबिलिटी प्लान हमारे प्रोग्रामों और ब्रैम्पटन में एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक जैसी पहलकदमियों, सेवाओं और फैसिलिटीज के लिए, सुलभता की हिमायत करेगा। ड्राफ्ट प्लान के बारे में अपने विचार साझे करने के लिए थोड़ा समय निकालें, जो हमारे शहर में – हर किसी के लिए वृद्धि करने में मदद करेगा।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"इस एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक के अवसर पर, ब्रैम्पटन के निवासी अपनी जरूरतों के मुताबिक, व्यापक रेंज वाली स्पोर्ट और फिटनेस प्रोग्रामिंग के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। हम ग्रहण की गई स्पोर्ट्स की मेजबानी करके इनमें हिस्सा लेने संबंधी रुकावटों को दूर कर रहे हैं, ताकि हर कोई स्वस्थ और सक्रिय रह सके।"

- *पैट फोर्टिनी (Pat Fortini), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8, एक्सेसिबिलिटी एडवाइजरी कमेटी काउंसिल मेम्बर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन; मेम्बर, रीजन ऑफ पील एक्सेसिबिलिटी एडवाइजरी कमेटी*

"सिटी का स्टाफ, भागीदारी वाली रेक्रिएशन प्रोग्रामिंग प्रदान करने के लिए समर्पित है। कार्यक्रमों में शामिल होकर, एक्सेसिबल स्पोर्ट्स वीक का जशन मनाएं और ब्रैम्पटन के नए मल्टी-यीअर एक्सेसिबिलिटी प्लान के बारे में अपना फीडबैक प्रदान करें।"

- *पॉल मोरिसन (Paul Morrison), इंटरिम चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca

BRAMPTON

Media Release